Title: Re: Establishment of ESIC Branch office and Atal Residential School in Sandila in Misrikh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख (उत्तर प्रदेश) के अंतर्गत जनपद हरदोई के संडीला का औद्योगिक क्षेत्र 1884.310 एकड़ में विस्तारित है, जिसमें कई औद्योगिक इकाइयां दशकों से कार्यशील हैं।

विगत दो दशकों से संडीला औद्योगिक क्षेत्र में एक ईएसआई औषधालय कार्यशील है तथा संडीला से हरदोई जिला मुख्यालय की दूरी 60 किलोमीटर है। अतः ऐसी स्थिति में हरदोई मुख्यालय पर प्रस्तावित शाखा कार्यालय खोलने पर दोनों कार्यालय के मध्य समन्वय स्थापित होने एवं बीमा धारकों को शाखा कार्यालय द्वारा प्रदान किया जाने वाला हित लाभ प्राप्त करने में कठिनाई उत्पन्न होगी। इस संदर्भ में मैंने माननीय श्रम मंत्री जी से पत्र लिखकर अनुरोध भी किया है।अतः ऐसी स्थिति में मेरा अनुरोध है कि हरदोई जिले के लिए प्रस्तावित ईएसआई शाखा कार्यालय की स्थापना संडीला में करवाए जाने के साथ-साथ श्रमिकों के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराए जाने हेतु एक अटल आवासीय विद्यालय केंद्रीय सहयोग से स्थापित किए जाने हेतु कार्रवाई की जाए।

माननीय सभापति : अब हम फिर जीरो ऑवर प्रारम्भ करते हैं।

श्री राम मोहन नायडू किंजरापु जी।